बेगूसराय। बिहार में शिक्षकों के खाली पड़े पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। राज्य के हाईस्कूल एवं उच्च माध्यमिक (प्लसटू) विद्यालयों में रिक्त पदों पर नियुक्ति शुरू हो गई। 26 जुलाई तक एसटीईटी पास प्रशिक्षित अभ्यर्थी नियोजन इकाइयों में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

जानकारी के अनुसार आवेदन लेने की शुरुआत तो हो गई, लेकिन शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा निदेशालय को पता ही नहीं है कि हाईस्कूल व इंटर स्कूलों में शिक्षकों के कितने रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाएगी। माध्यमिक निदेशालय ने सभी जिलों को पहले 17 और फिर 21 जून तक रिक्तियों की गणना कर मुख्यालय भेजने का निर्देश था, ताकि 27 जून से नियुक्ति का आवेदन लिया जा सके। लेकिन 27 जून तक केवल चार जिलों ने अपनी रिक्ति विभाग को भेजी है।

अगले तीन महीने में नियोजन की तमाम प्रक्रियाएं पूरी होंगी और 26 सितम्बर को चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र बांटे जाएंगे।